आओगे जब तुम ओ सांवरा,
दिल की बातें करेंगे,
कुछ तुम कहोगे,
कुछ हम कहेंगे बैठ सामने,
नैना नीर बहेंगे,
आओगे जब तुम ओ साँवरा,
दिल की बातें करेंगे।।

तर्ज आओगे जब तुम ओ सांवरे।

जो बातें अब तक ना कह पाए,
वो बातें सब तुमसे कहनी है,
तुम जो मिलोगे तो चैन आए,
दिल में बड़ी बेचैनी है,
आँखों से ही आँखें मेरी,
सब कह देंगी,
कुछ तुम कहोगे,
कुछ हम कहेंगे बैठ सामने,
नैना नीर बहेंगे,
आओगे जब तुम ओ साँवरा,
दिल की बातें करेंगे।।

बिन तेरे ओ खाटू वाले,
ये ज़िंदगानी अधूरी है,
पूरी हो ये ज़िंदगानी तो,

मिलना तुम्हारा ज़रूरी है,
तू सामने बैठा रहे गोलू कहे,
कुछ तुम सुनोगे,
कुछ हम कहेंगे बैठ सामने,
नैना नीर बहेंगे,
आओगे जब तुम ओ साँवरा,
दिल की बातें करेंगे।।

दिल के झरोखो सांवरिया,
एक टूक तुम्हे ही निहारेंगे,
करने तेरी खातिरदारी,
चरणों में हम बिछ जाएंगे,
वो सुहाना समा होगा खुशनुमा,
कुछ तुम कहोगे,
कुछ हम कहेंगे बैठ सामने,
नैना नीर बहेंगे,
आओगे जब तुम ओ साँवरा,
दिल की बातें करेंगे।।

आओगे जब तुम ओ सांवरा,
दिल की बातें करेंगे,
कुछ तुम कहोगे,
कुछ हम कहेंगे बैठ सामने,
नैना नीर बहेंगे,
आओगे जब तुम ओ साँवरा,
दिल की बातें करेंगे।।

Singer Shital Chandak Sharma

Source:
https://www.bharattemples.com/aaoge-jab-tum-o-sanwara-dil-ki-baat-karenge/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw